तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026

11 तालाब गहरीकरण के मूल्यांकन पर फूटा मजदूरों...

12 आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विकास के...


[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



Sanjeevani Multispeciality Hospital
संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हेल्थकेयर क्षेत्र में सुनहरा भविष्य
आज ही संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से नर्सिंग कोर्स करें और पायें एक सफल करियर की गारंटी।
4 साल से लगातार सफलतापूर्ण कोर्स संपूर्ण
ADMISSION OPEN 2026-27
उपलब्ध कोर्स: OT TECHNICIAN | X-RAY TECHNICIAN | NURSING COURSE | DIALYSIS TECHNICIAN | PATHOLOGY TECHNICIAN
संजीवनी इंस्टीट्यूट क्यों चुने? अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण | अनुभवी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण | रेगुलर क्लासेस व प्रैक्टिकल | ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस से सीखने का मौका | 100% प्लेसमेंट सहायता
एडमिशन के लिए संपर्क करें 9340801080, 8602259351 | संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम (छ.ग.)

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन 19 जून 2026
कूपन नं. 4

## बारिश में लाचारी : जब संजीवनी नहीं पहुंचती, तो कंधे पर नदी पार करते हैं मरीज

# अमाड़ के ग्रामीण बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकास और सुशासन के तमाम सरकारी दावों को मुंह चिढ़ाती एक बेहद कड़वी और विविचत करने वाली तस्वीर मैनपुर विकासखंड से सामने आई है। प्रकृति की गोद और उदंती अभ्यारण्य के घने जंगलों के बीच बसी ग्राम पंचायत अमाड़ और इसके आश्रित ग्राम देवझरअमली व कुंभकोट के आदिवासी ग्रामीण आजादी के दशकों बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। मानसून की दस्तक के साथ ही यहां के हजारों ग्रामीणों की जिंदगी किसी नरक से बदतर हो जाती है। नदी-नालों पर पुल और रपटा निर्माण न होने के कारण समय पर इलाज नहीं मिलने से अब तक कई ग्रामीण अकाल मौत के गाल में समा चुके हैं।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 36 किलोमीटर दूर बसे इस सुदूर वनांचल की नियति बारिश के चार महीनों में पूरी तरह बदल जाती है। सड़क और पुल-पुलिया न होने के कारण उफनते नदी-नालों को जान जोखिम में डालकर पार करना ग्रामीणों की मजबूरी है। जब नदी-नालों में बाढ़ आती है, तो 108 संजीवनी एक्सप्रेस या महतारी एक्सप्रेस गांव तक नहीं पहुंच पाती। ऐसे में ग्रामीण मरीजों को खाट या कंधे पर बिठाकर मीलों पैदल चलते हैं और उफनते नालों को पार कराकर अस्पताल पहुंचाते हैं। सबसे ज्यादा भयावह स्थिति गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों के साथ होती है।

**महीनों से गायब है सचिव** - एक तरफ जहां कुदरत का कहर है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक उदासीनता ने ग्रामीणों की मुश्किलें दोगुनी कर दी हैं। ग्राम पंचायत अमाड़ में पदस्थ सचिव पिछले कई महीनों से नदारद हैं। सचिव के न रहने से पंचायत के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। वहीं दूसरी ओर नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन स्कूली बच्चों को आगे दाखिले के लिए जरूरी आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम और जनपद सीईओ से कई बार लिखित शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई ▶▶|शेष पेज 10 पर




### तत्काल हटाया जाए लापरवाह सचिव

सोहद्रा बाई नेताम सरपंच, ग्राम पंचायत अमाड़ ने कहा की हमारे यहां तैनात सचिव महीनों से पंचायत नहीं आए हैं। हमने कई बार आला अफसरों से शिकायत की, लेकिन वे क्यों ध्यान नहीं दे रहे हैं, यह समझ से परे है। चक्काजाम कर हमने सड़क, बिजली, पानी और पुल की समस्या सरकार तक पहुंचाई थी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

इस पूरे संवेदनशील मामले पर जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ जेके गजभिये ने बताया कि ग्रामीणों के माध्यम से सचिव के लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायत प्राप्त हुई है। इसके कारण विकास कार्यों के प्रभावित होने और नए सत्र में स्कूली बच्चों के प्रमाणपत्र रुकने की जानकारी मिली है। मामले की पूरी रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है, जल्द ही संबंधित सचिव पर नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### आखिर हमारी आवाज क्यों नहीं सुन रही सरकार?

पूर्व सरपंच पुस्तम मांझी ने कहा की बारिश के चार महीने हमारी जिंदगी भारी तकलीफों से घिरी रहती है। हम लोकतांत्रिक तरीके से धरना, प्रदर्शन और चक्काजाम कर थक चुके हैं, लेकिन सरकार हमारी सुध नहीं ले रही है। शासन को तुरंत हमारी समस्याओं का स्थायी समाधान करना चाहिए।

## छठ्ठी में युवक पर चाकू से हमला, मामला दर्ज

**अभनपुर।** सेक्टर-25 सावरा मोहल्ला राखी नवा रायपुर मे एक छठ्ठी कार्यक्रम के दौरान युवक के साथ चाकूनुमा वस्तु से हमला कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार खपरी निवासी कांटाफूल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका पुत्र शिवा ध्रुव 16 जून को सेक्टर-25 राखी में आयोजित छठ्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात लगभग 8:45 बजे सूचना मिली कि शिवा ध्रुव के साथ दो युवकों ने मारपीट की है। शिकायत के अनुसार शिवा ध्रुव डीजे के पास खड़ा था, तभी मोहल्ले के मोहन एवं भोला वहां पहुंचे और उसे बाहर चलने के लिए कहा। मना करने पर दोनों ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान मोहन ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखी नुकीली चाकूनुमा वस्तु से हमला कर दिया, जिससे शिवा के बाएं पैर और बाईं आंख के पास चोट आई तथा खून निकलने लगा। घायल युवक को उपचार के लिए पहले राखी अस्पताल और बाद में मेकाहारा ले जाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### चंदूलाल साहू का मैनपुर-देवभोग दौरा कल

**मैनपुर।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ शासन राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा चंदुलाल साहू 19 जून दिन शुक्रवार को गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र के दौरे पर पहुंच रहे है। सुबह 11 बजे मैनपुर विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्या सुनेंगे पश्चात देवभोग के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2:30 बजे मंत्री प्रांगण देवभोग में विकसित भारत एवं प्रबुद्ध जनसम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।



### विधायक का जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित

**राजिम।** विधायक रोहित साहू का 19 जून को लगने वाला जनदर्शन देवभोग प्रवास में होने के कारण स्थगित रहेगा। यह जानकारी देते हुए विधायक के निज सचिव किशोर साहू ने बताया कि विधायक जी भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों के कारण देवभोग प्रवास पर रहेंगे। बाकी आगे दिनों में जनदर्शन कार्यक्रम पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पुनः चलेगा।



### दुकानदार के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम सलडीह स्थित एक दुकान के संचालक से शराब पी रहे लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को उमेश साव ने बताया कि ग्राम सलडीह में पेट्रोल पंप के बगल में उसका श्री सिद्धि विनायक ट्रेडर्स नाम से दुकान है। 16 जून को डोंगरीपाली निवासी नीलू पारेश्वर अपने दोस्त तेज कुमार कश्यप के साथ उसके दुकान के बगल में शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें गाली गलौज करने से मना किया था। इसके बाद 17 जून की शाम करीबन 05 बजे आरोपी अपने दोस्त तेज कुमार कश्यप, खिरसागर यादव एवं मुकेश नेताम के साथ मेरे दुकान में आकर तुम कौन होते हो हम लोगों को मना करने वाले कहकर गाली गलौज कर मारपीट की गई।



### बच्चे गर्मी में नंगे पैर स्कूल जाने को मजबूर

**मैनपुर।** 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हुआ है और गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल ग्रामों से ऐसे तस्वीर निकलकर सामने आई है प्रचंड गर्मी में स्कूली बच्चे नंगे पांव कही एक किलोमीटर तो कहीं दो किलोमीटर पैदल चल स्कूल जाते दिखाई दिया। यह तस्वीर मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट इलाके के ग्राम गंवरमुंड, तुहामेटा, गौरगांव, लाटापारा क्षेत्र की है जहां आदिवासी बच्चे नंगे पैर स्कूल जाते दिखाई दिए क्योकि अधिकांश बच्चों के पास जूता चप्पल ही नहीं है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि वनांचल क्षेत्र के बच्चों के लिए पुस्तक कापी गणवेश के साथ पैर में पहनने के लिए जूता चप्पल की भी व्यवस्था किया जाए।

## पीएम मोदी की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी कल से, जुटेंगे दिग्गज

**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत, बदलता भारत अभियान के अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में भाजपा नवापारा मंडल में भी जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी सामुदायिक भवन (नेहरू उद्यान के बगल में), नवापारा में आयोजित होगी। प्रदर्शनी का उदघाटन 19 जून को संध्या 4 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम गर्ग, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा होंगे। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र पाटनी जिला प्रभारी भाजपा, केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, विधायक इंद्रकुमार साहू, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, अशोक बजाज प्रदेश कार्यालय मंत्री, चंद्रशेखर साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री, जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, ललिता वर्मा, जिला कार्यालय मंत्री बुद्धेश्वर वर्मा, नागेंद्र वर्मा मंडल अध्यक्ष, नवापारा भाजपा, जिला प्रदर्शनी प्रभारी विजय गोयल एवं उत्पल साहू सहित रायपुर ग्रामीण जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।



## महंगाई और बिजली दर वृद्धि पर कांग्रेस ने विद्युत कार्यालय का घेराव कर फूंका पुतला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बढ़ती महंगाई, बिजली दरों में लगातार हो रही वृद्धि तथा पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया और आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ को कम करने की मांग उठाई गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में जिले भर से पहुंचे कार्यकर्ता, पदाधिकारी, किसान और आम नागरिक शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन की शुरुआत जिला कांग्रेस भवन से हुई, जहां से कांग्रेसजन रैली के रूप में तिरंगा चौक होते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि प्रदेश और देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। बिजली दरों में बार-बार वृद्धि किए जाने से घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। वहीं पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण परिवहन लागत बढ़ने से दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आम जनता को राहत देने में विफल साबित हुई है। एक ओर लोग महंगाई से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बेंगलुरु में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर किया कमाल

# जितेंद्र ने नेशनल आर्मरेसलिंग में जीता गोल्ड, अब जापान में दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में पदस्थ वन रक्षक जितेंद्र कुमार साहू ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और गरियाबंद जिले का गौरव बढ़ाया है। बेंगलुरु में आयोजित 6वीं बीसीएआई आर्मरेसलिंग नेशनल चैंपियनशिप-2026 में उन्होंने फिजिकल इम्पेयरमेंट स्टैंडिंग 95 किलोग्राम प्लस राइट हैंड' वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन जापान में होने वाली विश्व आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जहां वे भारत और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर आर्मरेसलिंग इन इंडिया (बीसीएआई) के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच जितेंद्र साहू ने अपनी ताकत और तकनीक का लोहा मनवाया। स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब उनका लक्ष्य विश्व मंच पर तिरंगा लहराना है। राष्ट्रीय सफलता के बाद उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व कार्यालय पहुंचने पर उप-निदेशक वरुण जैन (आईएफएस) तथा एसडीओ दर्रो ने उन्हें बधाई देते हुए जापान में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए प्रशासनिक अनुमति प्रदान की। अधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल वन विभाग बल्कि पूरे गरियाबंद जिले के लिए गर्व का विषय है।



**शुद्ध शाकाहारी खान-पान से हासिल की ताकत-** आर्मरेसलिंग जैसे ताकतवर खेल में जहां प्रोटीन के लिए मांसाहार को जरूरी माना जाता है, वहीं जितेंद्र साहू ने शुद्ध शाकाहारी जीवनशैली के जरिए इस धारणा को गलत साबित किया है। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास अनुशासित दिनचर्या दाल दूध और दुग्ध उत्पादों सहित संतुलित शाकाहारी आहार से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी उपलब्धि युवाओं के ▶▶|शेष पेज 10 पर

## आकाशीय बिजली गिरने से 39 भेड़-बकरियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कोपरा स्थित पैरी नदी के पार मगरलोड विकासखंड अंतर्गत ग्राम ड्रमरपाली में बुधवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस प्राकृतिक आपदा में 39 भेड़ों और एक बकरी की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। एक साथ इतने पशुओं की मौत से पशुपालक परिवारों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान से आए कुछ पशुपालक परिवार अपनी भेड़ों और बकरियों के साथ ग्राम ड्रमरपाली ▶▶|शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

## मानसून की राह तकते क्षेत्र के लोग, गर्मी से बेहाल जनजीवन, किसान भी चिंतित

**राजिम।** इस वर्ष गर्मी ने लोगों को जिस तरह से परेशान किया है, वैसा हाल पिछले कई वर्षों में कम ही देखने को मिला है। जून माह आधा बीत जाने के बाद भी भीषण गर्मी और उमस का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग और मौसम विशेषज्ञों द्वारा दस से बारह जून के बीच छत्तीसगढ़ में मानसून के प्रवेश और अच्छी बारिश की संभावना जताई गई थी। इस पूर्वानुमान के बाद लोगों के चेहरे खिल उठे थे और सभी को उम्मीद थी कि जल्द ही तपती धरती को राहत मिलेगी। लेकिन जून का तीसरा सप्ताह शुरू होने के बाद भी बारिश का कहीं कोई ठोस संकेत दिखाई नहीं दे रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। दिनभर घरों और कार्यालयों में पंखे और कूलर भी गर्म हवा फेंकते नजर आ रहे हैं। शाम ढलने के बाद भी गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोग रात में भी बेचैनी महसूस कर रहे हैं। बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा देखने को मिल रहा है, वहीं सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही कम है। बीते कुछ दिनों में कई बार ऐसा लगा कि अब बारिश होगी तब बारिश होगी। आसमान में काले बादल छाते जरूर है, मगर बरसने का नाम नही लेती। बादलों की आंख-मिचौली ने लोगों की उम्मीदों को बार-बार तोड़ा है। मौसम में हल्का परिवर्तन तो दिखाई देता है, लेकिन धरती को भिंगोने वाली बारिश नहीं हुई। सबसे अधिक चिंता किसानों को सता रही है। खेती-किसानी का समय सामने आ चुका है। खेतों की जुताई और बुवाई के लिए किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

## अभनपुर में 20 तक वृहद पंजीयन शिविर


**अभनपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से अभनपुर राजस्व अनुभाग में 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर रखा गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, कौशल विकास एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित नए पंजीयन, त्रुटि सुधार तथा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा,18 जून को शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय अभनपुर, 19 जून को सामुदायिक भवन नेहरू घाट नवापारा तथा 20 जून को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोरपा में प्रातः 11 बजे से शिविर आयोजित होंगे। प्रशासन ने अधिक से अधिक नागरिकों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

## महिला के साथ मारपीट, दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया आशियाना पिता रसीद खान (22 वर्ष) निवासी ग्राम खटखटी थाना बसना ने बताया कि 16 जून की रात करीब 08.45 बजे मैं अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी गांव का मोहसिन खान पिता सलीम खान आया गाली गलौज करते हुए मेरी बहन का फोटो क्यो फैला रही है, कहते हुए मारपीट किया। जब वह बचने के लिए घर अंदर घुसी तो आरोपी मोहसिन खान ने मेरे घर अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे गला को दबा दिया और साथ में मोहसिन खान का भाई मेराज खान भी उसके घर में घुस गया और मारपीट करने लगा।

निधन

## छोटे लाल साहू



**राजिम।** लोहर्सी के प्रतिष्ठित नागरिक छोटे लाल साहू का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज एवं गांव के लोग शामिल हुए। वे शिवकुमार साहू के पिताश्री थे।

### सियासत : भाजपा राज में 5वीं बार बढ़ी बिजली दरें, जनता त्रस्त

# प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो उखाड़ फेंकेंगे स्मार्ट मीटर : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

प्रदेश में बिजली दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी स्मार्ट मीटर व्यवस्था और बढ़ती महंगाई को लेकर प्रथम पंचायत मंत्री एवं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर उखाड़ फेंके जाएंगे।

■ ऊर्जा नीतियां सिर्फ कॉर्पोरेट घरानों के फायदे के लिए

अमितेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद पांचवीं बार बिजली दरों में वृद्धि की गई है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तथा गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक दरें बढ़ाई गई हैं। कृषि पंपों की बिजली दरों में भी 40 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर किसानों पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि इसके पहले सरकार 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार का भार भी जनता पर डाल चुकी है, जबकि प्रदेश के कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है।

**उत्तरप्रदेश की तरह प्रदेश में भी हो व्यवस्था की समीक्षा-** अमितेश शुक्ला ने कहा कि उत्तरप्रदेश में स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर शिकायतों के बाद समीक्षा की जा रही है तो छत्तीसगढ़ सरकार को भी जनहित में इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कराने और उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनता बिजली, पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से त्रस्त है। यही नाराजगी आने वाले समय में भाजपा सरकार के खिलाफ जनमत का रूप लेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिजली दर वृद्धि, स्मार्ट मीटर और महंगाई के मुद्दे पर अमितेश शुक्ला के तेवर बेहद आक्रामक नजर आए।



### स्मार्ट मीटर से आ रहे कई गुना अधिक बिल

पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बिजली बिल हाफ योजना के माध्यम से 400 यूनिट तक उपभोक्ताओं को राहत दी जाती थी और पांच वर्षों में बिजली दरों में केवल 2 पैसे की वृद्धि की गई थी। भाजपा सरकार ने बिल हाफ योजना बंद कर लगातार पांच बार बिजली महंगी कर दी। स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अमितेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि मीटर लगने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिल सामान्य से कई गुना अधिक आने लगे हैं। कई उपभोक्ताओं को एक ही माह में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अलग-अलग बिल भेजे जा रहे हैं तथा बिना सहमति अनुबंध भार बढ़ाकर अर्थदंड लगाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि जून माह में 45 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के बिजली बिल सामान्य से कई गुना अधिक आए हैं, जिससे प्रदेशभर में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने बढ़ती महंगाई को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरा और कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम आदमी, किसान और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ऊर्जा नीतियां आम जनता के बजाय बड़े कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाली साबित हो रही हैं।

## फिंगेश्वर ब्लॉक के 10 गांवों में निकलेगी गौ माता ग्राम यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

राष्ट्रीय गौ माता गांव-गांव यात्र के तहत फिंगेश्वर विकासखंड के 10 गांवों का चयन किया गया है। यह यात्रा 20 जून से 24 जून तक आयोजित होगी। यात्रा का शुभारंभ आदर्श पंचकोशी धाम गौशाला से होगा, जहां से सुसज्जित गौ रथ विभिन्न गांवों में भ्रमण करेगा। प्रथम दिवस फिंगेश्वर, दर्रीपार एवं गणेशपुर में यात्रा पहुंचेगी। गौशाला अध्यक्ष जगदीश साहू ने बताया कि यह गौ यात्रा पूरे छत्तीसगढ़ में निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य लोगों में गौ माता के प्रति श्रद्धा बढ़ाना, गौ पालन को प्रोत्साहित करना तथा गौ आधारित प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद, यूरिया, पोटाश एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ रहा है और अनेक गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। ऐसे में किसानों को अपने उपयोग लिए कम से कम एक एकड़ भूमि गोबर खाद की प्राकृतिक खेती अपनानी चाहिए।यात्रा के दौरान रथ में गौ माता एवं भगवान की प्रतिमाएं स्थापित रहेगी। गांवों में पहुंचने पर श्रद्धालु अपने घरों से भी गौ माता एवं भगवान की प्रतिमाएं स्थापित रहेंगी तथा दो संत-महात्मा भी साथ रहेंगे। गांव में रथ के पहुंचने पर गौ माता आरती लेकर उनका स्वागत करेंगे। संत-महात्माओं द्वारा गौ की महिमा एवं गौ संरक्षण पर प्रवचन दिए जायेंए एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। गौशाला के अध्यक्ष जगदीश साहू ने क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस गौ ग्राम यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं तथा गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## जिला कांग्रेस अध्यक्षों का 20 से प्रशिक्षण शिविर



**अभनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के नव-निर्वाचित जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों का 20 से 29 जून तक 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर चंडी मोड़ के स्थित अग्रवाल मंगल भवन मे तैयारियो का जायजा लेने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज,प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंग गेंदू के साथ प्रदेश सचिव प्रवीण साहू सहित पीसीसी के पदाधिकारियो ने प्रशिक्षण शिविर के तैयारियो के संबंध मे बारीकी से अध्ययन किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने परीक्षण शिविर मे आने वाले प्रतिनिधियो के आवास,भोजन,बैठक व्यवस्था ,सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओ की समीक्षा करते हुये संबंधित पदाधिकारियो को दिशा निर्देश दिये। श्री बैज ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर मे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का शामिल होने का समय 21 जून निर्धारित है तथा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षो को कांग्रेस की विचारधारा संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा जन सरोकार से जुड़े विषयो पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जायेगा। इस दौरान स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधि ब्लॉक अध्यक्ष भोला सोनवानी जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू,नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,पार्षद रानू राठी,नीलकमल गिलहरे आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# देश भर से चयनित 60 जनजातीय बच्चों को मिलेगी जेईई और नीट की निःशुल्क आवासीय कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति , नई दिल्ली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' कार्यक्रम की घोषणा की गई है। इसके तहत देश के चुनिंदा 8 एकलव्य विद्यालयों को उत्कृष्टता केंद्र घोषित किया गया है। इस अत्यंत प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सूची में छत्तीसगढ़ से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा ने अपना स्थान सुरक्षित कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इस केंद्र में देश भर से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित कुल 60 मेधावी जनजातीय विद्यार्थी प्रवेश लेंगे, जिसमें 14 लड़के और 46 लड़कियाँ शामिल हैं। यह पूरे देश के सभी 8 केंद्रों में बालिकाओं की सबसे बड़ी संख्या है, जो जनजातीय समाज में महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की एक नई क्रांति का स्पष्ट संकेत है।

■ देश के 8 उत्कृष्टता केंद्रों में चमका जिले का एकलव्य स्कूल कोसमबुडा



### वनांचल के बच्चों के लिए यह एक युगांतकारी मोड़ : प्राचार्य डॉ. यादव

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ईएमआरएस कोसमबुडा के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा कि यह केवल हमारे विद्यालय के लिए नहीं, बल्कि पूरे गरियाबंद और छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल के लिए एक युगांतकारी मोड़ है। इस सुदूर वनांचल और विशेष पिछड़ी जनजातियों के बाहुल्य वाले क्षेत्र में आर्थिक अभावों के कारण बच्चों की प्रतिभाएं अक्सर दबकर रह जाती थीं। इस योजना के माध्यम से अब हमारे बच्चों को देश के सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी और चिकित्सा संस्थानों आईआईटी, एनआईटी और एआईआईएमएस के द्वार तक पहुंचने का सीधा मार्ग मिलेगा। जब इस वनांचल के बेटे-बेटियां डॉक्टर और इंजीनियर बनकर मुख्यधारा में लौटेंगे, तो वे आने वाली पीढ़ियों के लिए रोल मॉडल साबित होंगे।

चयनित विद्यार्थियों को उनकी नियमित उच्च माध्यमिक (11वीं-12वीं) शिक्षा के साथ-साथ देश के शीर्ष विशेषज्ञों कोचिंग पार्टनर्स 'अवंती फेलोज़' एवं 'एक्स-नवोदयन फाउंडेशन' द्वारा दो वर्षीय गहन प्रवेश परीक्षा कोचिंग पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान की जाएगी। नेट्स के निर्देशानुसार, विद्यालय प्रशासन द्वारा 10 जुलाई 2026 तक सभी उत्कृष्ट व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी, जिनमें स्मार्ट क्लासरूम, हाई-स्पीड इंटरनेट, अत्याधुनिक सीबीएसई-मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं, आधुनिक कंप्यूटर लैब्स और सर्वसुविधायुक्त छात्रावास जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

**22 जून तक सहमति पत्र देना अनिवार्य, 15 जुलाई से शुरू होगा सत्र-** मुख्य चयन सूची में शामिल सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को विधिवत हस्ताक्षरित सहमति पत्र आगामी 22 जून 2026 या उससे पहले हर हाल में विद्यालय कार्यालय या सीधे नीट्स़ कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि तक सहमति पत्र प्राप्त न होने पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को अवसर दे दिया जाएगा। सहमति पत्र जमा होने के पश्चात, चयनित विद्यार्थियों को 15 जुलाई 2026 को कोसमबुडा परिसर में अपनी रिपोर्टिंग दर्ज करानी होगी, जहाँ से उनका दो वर्षीय शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होगा। अभिभावक और विद्यार्थी चयन सूची की विस्तृत जानकारी, आवंटित केंद्र का नाम और सहमति पत्र (अनुबंध प्रारूप) प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्यदिवस में तत्काल एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा, छुरा के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## बहुरबंद में डी वाटप्लांट का भूमिपूजन



**अभनपुर।** पंचायत उल्बा के बहुरबंद तालाब के मुहाने पर डी वाट प्लांट का भूमि पूजन किया गया। भाजपा नेता एवं सरपंच नेहरू लाल साहू ने बताया कि डी वाट प्रोजेक्ट में गंदे बहते हुए पानी को फिल्टर करके स्वच्छ जल में परिवर्तित करने का एक आधुनिक विधि है। जो की 2.96 लाख की लागत से बनेगा। ग्राम पंचायत उल्बा में अनियंत्रित बह रहे गंदे पानी को एकत्रित कर उन्हें इस संयंत्र के माध्यम से क्लियर करके जल संवर्धन करने के लिए तालाब में प्रवाहित किया जाएगा श्री साहू ने उक्त निर्माण कार्य के लिए साय सरकार, क्षेत्रीय सांसद, विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान रानी सोनवानी, सुशीला सोनवानी, लोकेश यादव, चंद्रबली भारद्वाज, भुवनेश्वरी तारक, ओमेश्वरी तारक , गायत्री तारक, बृजेश पांडे, मनोज सोनवानी, चंद्रहास सोनवानी, लक्ष्मण सिंह ध्रुव, राजीव ध्रुव, कीर्तन तारक, कोमल पांडे, चैतराम सपहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली से एक गाय और चार बैलों की मौत

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड के ग्राम माखागुडा में आज गुरुवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस प्राकृतिक आपदा में एक गाय और चार बैलों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जानकारी मवेशी मालिक धनेश्वर नागेश, भगत यदु, मनोहर नागेश और शिशुपाल नागेश ने बताया कि आकाशी बिजली गिरने से मवेशियों की मौत हुई है, एक साथ पांच पशुओं की मौत से प्रभावित परिवारों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम मौसम अचानक खराब हो गया। तेज गर्जना और चमक के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े, जहां पांचों पशु मृत अवस्था में पड़े मिले। ग्रामीणों का कहना है कि मवेशियों इन परिवारों की खेती-किसानी और आजीविका का प्रमुख आधार थे। अचानक हुए इस हादसे ने प्रभावित परिवारों को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## 24 घंटे के भीतर ट्रैक्टर-ट्राली चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** ग्राम भलेसर के एक किसान के ब्यारा से ट्रैक्टर और ट्रॉली चोरी के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वाहन को बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 16 जून को ग्राम भलेसर के उमेश सिन्हा पिता तुकाराम सिन्हा ने ब्यारा से ट्रैक्टर और ट्रॉली चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर राहुल देव कुर्रे पिता गणेश राम कुर्रे (25 साल), निवासी सतनामी पारा ग्राम भलेसर से पूछताछ की गई, लेकिन वह गुमराह कर रहा था। जब पुलिस द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तब आरोपी ने प्रार्थी के ब्यारा से ट्रैक्टर को ट्राली सहित चोरी करना स्वीकार किया तथा ट्रैक्टर-ट्राली को चोरी कर ग्राम बासीन में छुपाकर रखना बताया। इसके बाद आरोपी की निशानदेही पर उक्त स्थान से ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद किया गया।

पेज 9 के शेष...

### अमाड़ के ग्रामीण...

नहीं हुई। इससे नाराज ग्रामीणों ने करीब डेढ़ महीने पहले नेशनल हाईवे पर 14 घंटे तक चक्काजाम भी किया था। तब अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया था, जो आज तक खोखला साबित हुआ है।

**बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण-**उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे अमाड़ ग्राम के सरपंच सोहद्रा बाई नेताम, उपसरपंच डिगम मांझी, पूर्व सरपंच पुस्तम मांझी, कमलेश यादव, मदन यादव, टिकचंद ओटी, सुकबती, पिताम्बर, बलराम, बलीराम, परमेश्वर एवं ग्रामीणों ने अपनी बुनियादी समस्याओं का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए बताया कि गांव में शासन की व्यवस्थाएं सिर्फ कागजों पर दौड़ रही हैं:

**पेयजल का संकट:** नलजल योजना के तहत पानी टंकी तो खड़ी कर दी गई है, लेकिन घरों तक पाइपलाइन नहीं बिछाई गई। लोग आज भी नदी, नाले और झरिया (कच्चा कुआं) का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। गांव के 4 हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं और जलस्तर काफी नीचे चला गया है।

**जर्जर स्कूल:** स्कूल भवन की स्थिति इतनी जर्जर है कि छत का हिस्सा कभी भी भरभराकर गिर सकता है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

**मलेरिया का डंक और झाड़-फूंक:** यह क्षेत्र अत्यधिक मलेरिया प्रभावित है। बारिश शुरू होते ही बीमारी पैर पसारने लगती है। उपस्वास्थ्य केंद्र न होने के कारण लोग करलाझर जाने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में आज भी लोग झाड़-फूंक का सहारा ले रहे हैं।

**अंधेरे में वनांचल:** छत्तीसगढ़ की सरप्लस बिजली इस पंचायत तक नहीं पहुंची है। सौर ऊर्जा की जो लाइटें लगाई गई थीं, वे पूरी तरह मजाक बनकर रह गई हैं।

### महंगाई और बिजली...

सरकार कर और विभिन्न शुल्क बढ़ाकर लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

- मांगें पूरी न होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली दरों में की गई वृद्धि वापस लेने, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने, किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा महंगाई से राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने बिजली दर वृद्धि वापस नहीं ली और महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन के दौरान विद्युत विभाग कार्यालय परिसर के बाहर काफी देर तक नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन चलता रहा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी और पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई।

### जितेंद्र ने नेशनल...

लिए प्रेरणा बनकर उभरी है। जितेंद्र कुमार साहू ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, परिवार और विभागीय अधिकारियों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। विशेष रूप से उन्होंने उप-निदेशक वरुण जैन के प्रोत्साहन को अपनी प्रेरणा बताया। जापान में आयोजित होने वाली विश्व आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए प्रारंभिक खर्च करीब दो लाख रुपये आने का अनुमान है जिसमें हवाई यात्रा, टूर्नामेंट फीस और ठहरने का खर्च शामिल है। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले जितेंद्र साहू को उम्मीद है कि राज्य सरकार खेल विभाग और जिला प्रशासन की ओर से उन्हें आर्थिक सहयोग मिलेगा ताकि वे बिना किसी बाधा के विश्व मंच पर देश के लिए पदक जीत सकें। जितेंद्र कुमार साहू की सफलता इस धारणा को चुनौती देती है कि ताकतवर खेलों में सफलता के लिए मांसाहार जरूरी है। उन्होंने शुद्ध शाकाहारी भोजन नियमित अभ्यास और मजबूत इच्छाशक्ति के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर नई मिसाल पेश की है।

### आकाशीय बिजली...

क्षेत्र में अस्थायी डेरा डालकर रह रहे थे। बुधवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में घने बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान चराई के लिए एक स्थान पर एकत्रित भेड़ों के झुंड पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे 39 भेड़ों और एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। बिजली गिरने की तेज आवाज से आसपास के ग्रामीण सहम गए। जब लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में पशु मृत अवस्था में पड़े मिले। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि मृत पशुओं की कीमत लाखों रुपये में है, जिससे प्रभावित पशुपालक परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मामले की सूचना मगरलोड थाना में नहीं दी गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में लोगों और पशुपालकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित पशुपालकों को उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी की है।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने विशेष प्रशिक्षण शिविर आज से

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र मे निवास करने वाले शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियो को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उपनिदेशक वरूण जैन द्वारा विशेष अभियान प्रारंभ किया जा रहा है जिसके चलते क्षेत्र के युवक-युवतियों को बेहतर रोजगार उपलब्ध हो सके और इसके लिए बकायदा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत शिक्षित बेरोजगार युवकों को इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर एवं मोबाइल रिपेरिंग तथा महिलाओ व युवतियों को ब्यूटी पार्लर एवं अन्य रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिया जायेगा जिससे आसानी से रोजगार उपलब्ध हो सके और 05 दिवसीय प्रशिक्षण 19 जून से इको सेंटर कोयबा में आयोजित किया गया है जिसमें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वरोजगार उपलब्ध कराने अवसर उपलब्ध कराई जाएगी। आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बेहतर कदम बताया जा रहा है। साथ ही आने वाले समय में उन्हे प्रशिक्षण के बाद उन्हे व्यवसाय के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाई जा रही है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित की गई थी। प्राक्चयन परीक्षा के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण कर परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है। आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यार्थी अपना रोल नंबर एवं मोबाईल नंबर प्रविष्ट कर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते है। काउंसलिंग के लिए पृथक रूप से सूचना दी जाएगी। अभ्यर्थियों से विभागीय वेबसाइट का नियमित अवलोकन करने की अपील की गई है। अभ्यर्थी इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### पीएम जनमन अंतर्गत पुस्तिका का विमोचन

**महासमुंद।** छतीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह कमार, पहाड़ी कोरबा, अबुझमाड़िया, बैगा बिरहोर जनजातीय समूह की बसाहटें पात्र पाई गई हैं, जिनमें भारत सरकार द्वारा 872 बसाहटों के लिए 2902 किलोमीटर की 807 सड़कों के लिए 2007 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति को बेहतर बनाने की दिश में सार्थक पहल की गई है।

**नाराजगी :** अतरमरा में प्लास्टर से खामियां छुपाने का प्रयास, रोजगार गारंटी में पैसा काटे जाने से मजदूरों में आक्रोश

# तालाब गहरीकरण के मूल्यांकन पर फूटा मजदूरों का गुस्सा, पचरी निर्माण से भी गुणवत्ता गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

विकासखंड छूरा के ग्राम पंचायत अतरमरा में विगत दिनों तालाब गहरीकरण का कार्य कराया गया। जिसमें मजदूरों का मजदूरी काटे जाने से मजदूरों में भारी आक्रोश और असंतोष है। चर्चा में कुछ मजदूरों ने बताया कि मौके पर जब हम लोग काम कर रहे थे। तो उस समय इंजीनियर मैडम नहीं पहुंची और जब नहीं पहुंची तो कैसे माप कर डालें और कैसे मूल्यांकन हो गया जबकि हमें बताया रहता है कि हमारे द्वारा किए गए काम सही नहीं है तो उस हिसाब से हम लोग मान भी लेते पर हमारे गैर हाजिर में मूल्यांकन करके मजदूरी काटना पूरी तरह गलत है। लगभग सभी मजदूरों को एक ही पैमाने में नाप दिया गया है जबकि इसमें से कई लोग इमानदारी से काम किए हैं काम देखकर दाम देते तो समझ भी आता है कि यहां हमने काम सही किया कि गलत दूसरी तरफ इसी तालाब में पचरी निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसमें गुणवत्ता को दरकिनार किया जा रहा है। एस्टीमेट के हिसाब से जैसे मापदंड होना चाहिए उसे मापदंड के हिसाब से काम नहीं हो रहा है तो जगह-जगह ढलाई किए हुए पचरी में केवल गिट्टी ही गिट्टी नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत एजेंसी होने की वजह से पूरे जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की बनती है लेकिन मौके पर सरपंच, उपसरपंच, सचिव दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।



### ठेकेदार अपनी मनमर्जी से जैसे-तैसे काम को निपटाने में लगे

काम को ठेके में देकर आंख मूंदकर निश्चित हो गए, तो वही मौके पर अगर इंजीनियर आकर काम कर रहे हैं मजदूरों को बताते हैं कि काम कैसे करना है तो शायद काम अच्छा भी होता है, पर शायद चहेते ठेकेदारों को काम देकर काम की क्वालिटी पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि इंजीनियर मैडम तो आते नहीं हम लोग के जाने के बाद ही आते होंगे तो पता नहीं। इस प्रकार निर्माण कार्य में गुणवत्ता हीन होने की वजह से बाद में उसे प्लास्टर कर सच्चाई छुपाने के प्रयास भी किया जा रहा है मौके पर पहुंचे मीडिया के सवाल पर काम कर रहे है मजदूरों ने अलग-अलग मापदंड बताएं जिससे साबित होता है कि सही मापदंड की जानकारी मजदूरों को नहीं है जिस वजह से कुछ भी बाते बताया जा रहे हैं बनाए गए निर्माण सामग्री में सीमेंट कम रेत गिट्टी ज्यादा नजर आ रहा था ऐसे में गुणवत्ता को लेकर अभी से सवाल उठने लगे हैं।

### मामले का पता लगाकर करवाता हूं जांच

वत्सला ध्रुव इंजिनियर रोजगार गारंटी छुरा ने कहा की निरीक्षण के दौरान मै अतरमरा गई थी। लोगों का कार्य के आधार पर मूल्यांकन किया गया है व पचरी निर्माण को मै जाकर देख लेती हुं, मै जब गई थी तो ठीक काम हो रहा था। वहीं इस बारे में प्रोग्राम अधिकारी रमेश कंवर जनपद पंचायत छुरा ने बताया कि मैं इस मामले को देखवा लेता हूं। वैसे तो कार्य के दौरान जाकर मूल्यांकन करना रहता है। क्या है मामला मैं पता कर लेता हुं।



## पुलिस और ग्रामीणों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस और ग्राम मुड़गेलमाल के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशे के दुष्परिणामों से संबंधित संदेशों और नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों को बताया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है तथा इसके कारण अपराध, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और सामाजिक विघटन जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं।



पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार तथा समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की अपील की। साथ ही अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री या सेवन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करने तथा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। पुलिस द्वारा बताया गया कि जिले में नया सवेरा अभियान के माध्यम से लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को नशे की लत से बचाकर स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सके।

## वेद माता गायत्री की पुनः प्राण प्रतिष्ठा 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम पोंड में वेद माता गायत्री का पुनः प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम दिनांक 25 जून को होगा। उसके पूर्व दिनांक 24 तारीख को गायत्री जयंती होने के कारण से प्रातः 5:00 बजे से 12:00 तक अखंड जाप का कार्यक्रम संपन्न होगा।उसके पश्चात सांयकालीन मंगल जल कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न होगा तथा दिनांक 25 जून को ब्रह्म मुहूर्त 5:00 बजे वेद माता गायत्री का पुनः प्राण प्रतिष्ठा शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों के द्वारा संपन्न होगा तथा नव कुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा। सायं 5:00 बजे से पवन प्रज्ञा पुराण की कथा होगी एवं तृतीय दिवस प्रातः 7:00 बजे से 9 कुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा एवं विभिन्न प्रकार के संस्कार निशुल्क संपन्न कराए जाएंगे गायत्री परिवार जिला गरियाबंद के जिला समन्वयक टीकम राम साहू एवं संगठन प्रमुख रोमन चंद्राकर ने बताया कि का शक्तिपीठ एकदम जर्जर हो चुका था जिसे तोड़कर जन सहयोग से एवं पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू जी के मद से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है इस कार्यक्रम में गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर राजिम छुरा एवं गरियाबंद ब्लॉक के गायत्री परिवार के परिजन शामिल होंगे तथा पोंड के आसपास 25 ,30 गांव के लोग शामिल होंगे जिन्हें घर जाकर आमंत्रित किया गया है। लोगों में एक अद्भुत उत्साह देखने को मिल रहा है तथा इकाई प्रमुख गिरवर चंद्रवंशी एवं बिहारी निषाद ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अपील किया है। इस दौरान परदेशी राम साहू जेंजरा, कुलेश्वर प्रजापति इकाई प्रमुख कुरुद, बिसन लाल साहू पाण्डुका, ईश्वरी साहू देवरी, श्यामू राम साहू देवरी, सुखराम ध्रुव सहसपुर, अजय सिंह कंवर जेंजरा, टीकाराम साहू जेंजरा, बिहारी निषाद कुकदा, गिरवर कश्यप पोड, भागवत राम साहू पोड शामिल थे।



### उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से गौरवान्वित हुए खोमन सिन्हा

**गरियाबंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय के करकमलों से लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान जिला गरियाबंद के नवाचारी एवं समर्पित शिक्षक खोमन सिन्हा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों, अभिनव प्रयासों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सिन्हा की शिक्षा के प्रति निष्ठा, सतत नवाचार, समाजोपयोगी कार्यों तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के प्रति उनके समर्पण का गौरवपूर्ण प्रतिफल है। मुख्यमंत्री के हाथों यह सम्मान प्राप्त करना उनके लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण गरियाबंद जिले एवं शिक्षा जगत के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। इस अवसर पर खोमन सिन्हा ने इस सम्मान का श्रेय अपने विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा सभी आत्मीय जनों के स्नेह, सहयोग एवं आशीर्वाद को देते हुए कहा कि /"यह सम्मान मेरे लिए केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण, नवाचार एवं उत्कृष्टता के साथ कार्य करने की प्रेरणा है।





### संतोष यादव ने मुख्यमंत्री साय का किया स्वागत

**मैनपुर।** मैनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ गरियाबंद पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत किया और उन्हे मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

## कोलिहाटांड स्कूल के नव-प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्कूल खुलने के नए सत्र में शासकीय प्राथमिक शाला कोलिहाटांड संकुल कौन्दकेरा में शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक फिंगेश्वर सुभाष शर्मा विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक नरेश साहू, शोभा साहू प्रधान पाठक कन्या पूर्व माध्यमिक शाला कौन्दकेरा, थानु राम साहू ग्रामीण अध्यक्ष व शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष, मनोहर राम धुरव की अध्यक्षता में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिला कर स्वागत किया गया। पश्चात उन्हे पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तक प्रदान किया गया।



इस अवसर पर बीआरसीसी शर्मा ने कहा कि विद्यार्थीयों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हे नियमित रूप से पाठशाला आने के लिए प्रेरित किया। पालक गण एवं शाला विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति को देखकर शर्मा सर द्वारा प्रान्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शतप्रतिशत पालक गण की उपस्थितिशिक्षा के प्रति पालकों की जागरूकता का परिचय देता है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक दमयंतीन यादव, शिक्षिका भोजलता सेन मनोहर राम ध्रुव शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष थानु राम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार साहू पंच, ओम प्रकाश साहू सचिव, टिकेश्वर ध्रुव सदस्य, राम रतन निषाद पूर्व अध्यक्ष, मंजू ध्रुव पंच, जागेश्वरी ध्रुव सदस्य, हेमा साहू, राजकुमारी साहू, दुर्गा साहू, राजकुमारी साहू, लता साहू, मीणा निषाद, यशोदा निषाद, देवकरण साहू सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### रोहित साहू ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

## 33 छात्राओं से शुरू हुआ सफर आज 450 के पार : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में विधायक रोहित साहू ने प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान करते हुए बधाई दी और मन लगाकर पढ़ने की बात कही। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय की प्राचार्य संध्या शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 1991 में मात्र 33 छात्राओं के साथ हुई थी, जो आज बढ़कर लगभग 450 छात्राओं तक पहुंच चुकी है। वर्तमान में विद्यालय में 12 कक्षा एवं 18 शिक्षक कार्यरत हैं, लेकिन बढ़ती छात्राओं की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कमरों एवं अन्य सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने विधायक से विद्यालय की जरूरतों को पूरा कराने का आग्रह किया। शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष छाया राही ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। नगरपालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक ही भविष्य के निर्माता होते हैं और विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार भी प्रदान करते हैं। कन्या विद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष देवकी साहू ने कहा कि प्रथम दिवस पर विद्यालय पहुंचे बच्चों के चेहरों की मुस्कान और उत्साह उनकी पढ़ाई के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की छात्रा प्रेमिन सोनकर का टॉप-10 में स्थान प्राप्त करना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।





**मंगल भवन जैसी योजनाएं विकास को नई पहचान देंगी-** उन्होंने राजिम शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि महानदी में बैराज निर्माण, लक्ष्मण झूला से नए मेला मैदान तक सड़क निर्माण, शीतला तालाब में लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से चौपाटी निर्माण, पांच करोड़ रुपये की लागत से भव्य राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा तथा गरीब परिवारों के लिए मंगल भवन जैसी योजनाएं विकास को नई पहचान देंगी और ये सारे कार्य विधायक रोहित साहू ने स्वीकृत कराया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से पार्षद टंकु सोनकर ,आकाश राजपूत,तुषार कदम, बलराम यादव, भारत यादव, अजय पटेल, कुलेश्वर साहू, सुरेश पटेल, जानकी पटेल, खुशी साहू, सोमनाथ पटेल, विवेक शर्मा, बीईओ हेमंत साहू, ब्लॉक समन्वयक सुभाष शर्मा, नरेश साहू, धर्मेंद्र शर्मा, हर्षित दुबे ,संतोष शर्मा,अनुपमा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का वातावरण पूरे समय उत्साह, प्रेरणा और शिक्षा के प्रति जागरूकता से ओतप्रोत रहा।

### वरिष्ठों की उपेक्षा कर कनिष्ठों को प्रभार देना नियमों का उल्लंघनः ओंकार

**महासमुंद।** पिछले दिनों शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरे जाने के लिए शासन द्वारा आदेश प्रसारित कर पद भरे गए, लेकिन वरिष्ठों की उपेक्षा से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने घोर आपत्ति की है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक पारदर्शिता कटघरे में है। छग शिक्षक संघ के प्रमुख प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर ने कहा कि इस तरह के विसंगति से विभाग में चर्चा का बाजार गर्म है। आखिर कई वरिष्ठ प्राचार्यों की मौजूदगी के बावजूद कनिष्ठों पर मेहरबानी क्यों की गई? उक्त रिक्त पदों की पूर्ति में विभाग में वरिष्ठता और नियमों को ताक में रखकर अपने चहेते को उपकृत करने का मामला सामने आया है। कई अनुभवी प्राचार्य वरिष्ठों को दरकिनार कर कनिष्ठों को उच्च पदों पर नियुक्ति से वरिष्ठ प्राचार्य में भारी आक्रोश व्याप्त है। इधर, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघकी ओर से नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रसासन विभाग मंत्रालय द्वारा 14 सितंबर 2014 को जारी परिपत्र में यह स्पष्ट निर्देश है कि विभाग में रिक्त वरिष्ठ पदों का चालू प्रभार संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों को बिना किसी युक्तियुक्त प्रशासकीय कारण से बायपास करते हुए कनिष्ठ अधिकारियों को पद ना सौंपा जाए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## 21 जून को सभी 139 शाखाओं में योग दिवस मनाया जाएगा : चंदूलाल

**राजिम।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के मुख्यालय सहित सभी 139 शाखाओं में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं, जिसके अनुसार 21 जून को मुख्यालय सहित प्रदेश में स्थित सभी 139 शाखाओं के परिसर में सुबह 7 से 8:15 तक बाकायदा एक कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी एक साथ योग करेंगे। श्री साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि योग से शरीर न केवल स्वस्थ्य रहता तो बल्कि व्यक्ति विभिन्न प्रकार के मानसिक तनाव से भी मुक्त रहता है। इसके अलावा शरीर ऊजार्युक्त रहता है। ये बातें प्रमाणित हो चुकी हैं। प्रतिदिन 15 मिनट का योग मानव जीवन के लिए अमृत के बराबर है। यही वजह है कि योग के जनक भारत देश के अलावा आज विश्व के लगभग तमाम देशों में योग के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। मानव जीवन के लिए संजीवनीतुल्य योग को विश्व स्तर पर प्रचारित करने और अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था, जिसके बाद 21 जून 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरूआत हुई।

## धान खरीदी पर धनेंद्र ने भाजपा सरकार पर लगाया अनियमितता का आरोप

**नवापारा-राजिम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू ने कहा कि महाराष्ट्र की भाजपा सरकार के विधायक दल धान खरीदी व्यवस्था को देखने आई है, उन्हें धान खरीदी में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचार, धान संग्रहण एवं धान खरीदी केन्द्रो में सैकड़ों करोड़ो रुपया धान के सार्टेज से हुए नुकसान, एवं केन्द्र सरकार के द्वारा चांवल नही खरीदे जाने पर हजारो करोड़ के हुए नुकसान और सरकार के गलत नीति तथा अव्यवस्था के कारण किसानो को हो रही परेशानी आदि को क्या दिखाया जायेगा? श्री साहू का आरोप है कि परिवहन व्यवस्था में भ्रष्टाचार, खरीदी केन्द्र में भ्रष्टाचार ,संग्रहण केन्द्रो में सार्टेज दिखाकर भ्रष्टाचार, ऐसा हजारो करोड़ रु का भ्रष्टाचार हो रहा है। कहा कि धान खरीदी में टोकन ,पंजीयन ,सत्यापन के नाम पर परेशान करना, क्या अध्ययन दल को इससे अवगत करायेगी। श्री साहू ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ में हमारी कांग्रेस की सरकार ने धान खरीदी की अच्छी व्यवस्था लागू की थी। पहली बार समर्थन मूल्य में खरीदी और सोसायटियों के माध्यम से धान खरीदी की व्यवस्था शुरू किया। किसानों को बिचौलियों और व्यापारियों के शोषण से मुक्ति दिलाई तथा उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया।

**सौगात : विष्णुदेव साय ने किया कचना ध्रुवा गोंडवाना भवन का लोकार्पण**

# आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विकास के संगम का प्रतीक बनेगा गोंडवाना भवन : मुख्यमंत्री साय







हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरियाबंद जिले के ग्राम दर्रापारा में अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा केंद्रीय समिति बिन्द्रानवागढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एक करोड़ 07 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित कचना ध्रुवा गोंडवाना भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री का आदिवासी परंपरा के अनुरूप पगड़ी पहनाकर एवं पीला चावल से तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आदिवासी देवस्थल देवठाना में परंपरागत विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मंत्रीगणों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कचना ध्रुवा की पवित्र भूमि आदिवासी समाज की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। गोंडवाना भवन के निर्माण के लिए समाज को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने आशीर्वाद देकर हमारी सरकार बनाई है और हम "मोदी की गारंटी" के अनुरूप निरंतर कार्य कर रहे हैं। सरकार बनने के ढाई वर्ष में गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के हित में अनेक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं के लिए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरचार्ज माफी का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता नजदीकी बिजली कार्यालय में पंजीयन कराएं। प्रदेश में अब तक 757 करोड़ रुपए का बिजली बिल माफ किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल डिजिटल केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को आय, जाति एवं अन्य प्रमाण पत्र आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। किसानों को नैनो डीएपी और नैनो यूरिया जैसे विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से आमजन की शिकायतों के निराकरण की जानकारी देते हुए कहा कि खाता विभाजन, फौती, ट्रांसफार्मर सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज केन्द्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ओंकार शाह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत करते हुए समाज के महत्वपूर्ण मांगो को सामने रखा जिस पर मुख्यमंत्री ने समाज के विकास कार्यो लिए लाखों रुपए की घोशणाा किया।

### मुख्यमंत्री की घोषणाएं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कचना ध्रुवा गोंडवाना भवन के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की। जिनमें- भवन की बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 27 लाख रुपए छात्र-छात्राओं के लिए ग्रंथालय के लिए 20 लाख रुपए ,भगवान कचना ध्रुवा की मूर्ति स्थापना के लिए 6 लाख रुपए एवं भवन सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की।

### संस्कृति संरक्षण के साथ आत्मनिर्भर समाज बनाना लक्ष्य : राम विचार

आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि समाज की मांग और सोच के अनुरूप लगभग ढाई एकड़ भूमि में यह बेहतर भवन तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज देश के कोने-कोने में है और आज सबसे बड़ी चुनौती अपनी संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखते हुए समाज को शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, कार्यक्रम संयोजक एवं अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष ओंकार शाह, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, शिशुपाल सोरी, नीलकंठ टेकाम, आसाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, अजय रोहरा, सोहन लाल ध्रुव, लोकेश्वरी नेताम, महेन्द्र नेताम, खेदु नेगी, यशपेन्द्र शाह, प्रेमसाय जगत, छबि दीवान, सुखराम नागेश, गगन नेगी, सुभाश नागेश, थंजुलता, टिकमसिंह कपिल, गुजरात कमलेश, प्रताप नेताम, मुकेश कपिल, गज्जु नेगी, खेलन दीवान, पन्नालाल ध्रुव, अमृत नागेश, चंद्रकिशोर नागेश, कल्याण कपिल, भागसिंग कोमर्रा, कलेक्टर भगवान सिंह उइके , पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, महासभा के सदस्य, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## परसापानी की महिलाओं ने मांगा वन अधिकार पट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला




ग्राम पंचायत केवटीझर के आश्रित ग्राम परसापानी की ग्रामीण महिलाओं ने वन अधिकार पट्टे की मांग को लेकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। महिलाओं का कहना है कि वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम के तहत पात्र होने के बावजूद उनके पात्रता दावों को ग्राम पंचायत स्तर पर निरस्त कर दिया गया है। महिलाओं के अनुसार उन्होंने वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दावा प्रपत्र जमा किया था। वर्ष 2023 में परसापानी वन अधिकार समिति ने उन्हें पात्र मानते हुए प्रस्ताव पारित किया। इतना ही नहीं संबंधित भूमि का नक्शा और खसरा भी उपलब्ध कराया गया था। महिलाओं का कहना है इसके बाद 17 जून 2025 को आयोजित ग्रामसभा में भी उनके पक्ष में प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा उनका दावा खारिज कर दिया गया कि वे 13 दिसंबर 2005 से पूर्व उक्त भूमि पर काबिज नहीं था। महिलाओं ने कहा कि बिना उचित जांच और बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें अपात्र घोषित कर दिया गया।

**मानसिक रूप से परेशान हो रहे-** महिलाओं ने बताया कि कई पीढ़ियों से उस भूमि पर खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है, लेकिन कुछ लोगों के दबाव में उनके अधिकारों को दबाया जा रहा है और वन अधिकार पट्टा नहीं दिया जा रहा है। यहां भी कहा है कि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर किया जा रहा है तथा मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि यदि उन्हें समय पर सूचना दी जाती तो वे अपने पक्ष में आवश्यक दस्तावेज और प्रमाण प्रस्तुत कर सकती थी। ग्रामसभा और वन अधिकार समिति ने हमें पात्र माना था, लेकिन बाद में किसी सूचना के हमारे दावे खारिज कर दिए गए। हम जिला प्रशासन से न्याय और वन अधिकार पट्टा देने की मांग करते हैं। इस मामले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग लोकेश पटेल ने कहा कि चूंकि प्रकरण सब डिवीजन से रिजेक्ट होकर आया है, इसलिए अब संबंधित विभागों को दुबारा जांच के लिए पत्र प्रेषित किया जाएगा। इस संबंध में सरपंच चन्द्रिका नेताम ने कहा कि कुछ लोग वनभूमि पर काबिज हैं बाकी घास भूमि पर कब्जा किया गया है। जबकि शासन द्वारा घास भूमि का पट्टा देना बंद कर दिया है। ग्राम पंचायत सचिव देवेंद्र ठाकुर के अनुसार अधिकांश कब्जाधारी घास भूमि पर है।

## पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



योग से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर संचालनालय आयुष, छत्तीसगढ़ के सौजन्य से आयुष विभाग द्वारा जिलेभर में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर के प्रतिनिधित्व में 17 जून से 21 जून तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक जिले एवं सभी विकासखंडों में योग शिविर संचालित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयुष योगा वेलनेस सेंटर गरियाबंद द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम में विशेष पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में योगचिकित्सक डॉ. शिखा कुरेटी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं विशेष योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान जलनेति, कुंजल क्रिया, नेत्र प्रक्षालन तथा ध्यान जैसी महत्वपूर्ण योगिक क्रियाओं की जानकारी भी दी जा रही है। शिविर में योग अभ्यास के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं प्रतिदिन योग साधकों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से अंकुरित आहार एवं स्वास्थ्यवर्धक रस का वितरण भी किया जा रहा है।

### 21 जून को इनडोर स्टेडियम में होगा विशेष योग शिविर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन के तहत 21 जून को इनडोर स्टेडियम गरियाबंद में भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। संचालनालय आयुष, छत्तीसगढ़ के सौजन्य से आयुष विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम "वृद्धावस्था के लिए योग" पर विशेष फोकस रहेगा। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को सरल योग, प्राणायाम और मेडिटेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह, आर्थराइटिस, पीसीओडी, माइग्रेन जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य लाभ में योग की भूमिका पर भी विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। आयुष विभाग ने जिले के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग प्रशिक्षण का लाभ लेने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सीएम साय के कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि





**राजिम।** सीएम विष्णुदेव साय के दर्रापारा प्रवास के दौरान विधायक रोहित साहू के साथ जिला पंचायत के पूर्व सदस्य भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू,जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू,उपाध्यक्ष सतीश यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, सहित राजिम से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक रोहित साहू ने बताया कि दर्रापारा में आयोजित अखिल भारतीय गोंडवाना महासभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 1 करोड़ 7 लाख रूपए के लागत से निर्मित कचना धुरवा गोंडवाना भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सीएम विष्णुदेव साय एवं सभी अतिथियो को पगड़ी पहनाकर पीला चांवल का टीका लगाकर स्वागत सम्मान किया।

## हर स्कूल में बुनियादी सुविधाएं देना हमारा लक्ष्य : नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर के जीर्णोद्धार एवं शेड निर्माण के लिये नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं प्रधानपाठक गोपाल यादव के मुख्य आतिथ्य में भूमिपूजन किया गया। जिससे वार्ड क्रमांक 4 स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को नए सत्र में और अधिक सुविधा उपलब्ध मिलने लगेगी। बेहतर स्कूल भवन एवं टीन शेड के निर्माण से स्कूल छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि स्कूलों में संसाधन एवं बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उसी का परिणाम है कि नवापारा दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित नवीन प्राथमिक शाला का जीर्णोद्धार एवं टीन शेड का निर्माण किया जा रहा है। शिक्षा के मंदिर में छात्रों के सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हमारा पूरा प्रयास है कि नगर के प्रत्येक स्कूल में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधा उपलब्ध रहे। जिससे छात्र छात्राओं को बेहतर माहौल शिक्षा ग्रहण का अवसर मिले। कार्यक्रम में सभापति रवि साहू, पार्षद लुमेश्वरी साहू, रेशम सिंह हुंदल, अभिभावक, स्कूल के शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**रोहित साहू ने की टिन शेड और नाली निर्माण की घोषणा**

# सब्जी बाड़ी से आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहा कुरुसकेरा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा





ग्राम पंचायत कुरुसकेरा में रंगमंच के लोकार्पण एवं सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहे तथा अध्यक्षता जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी साहू ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि कुरुसकेरा छोटा गांव जरूर है, लेकिन यह एक गौरवशाली गांव है। यहां के मेहनतकश किसान और ग्रामीण सब्जी बाड़ी के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। गांव के लोगों की मेहनत और विकास के प्रति जागरूकता अन्य गांवों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद आम लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की माताओं-बहनों को प्रतिमाह आर्थिक सहायता मिल रही है, किसानों से धान की खरीदी 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर टिन शेड निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य कराने की घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

**विकास कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा-**जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान एवं महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, जिला मंत्री जगदीश यादव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शेखर पटेल, सरपंच कमल क्रांति राव, उपसरपंच भूपेन्द्र वर्मा,मंडल महामंत्री हेमन वर्मा,धानबाई साहू,दशरथ यादव,विनोद पटेल, भारत वर्मा, गिरधारी तारक, लक्ष्मण साहू, युवराज साहू, खेलावन वर्मा, खेलन पटेल, मनोज साहू, गौतम साहू, सेवती तारक, सोना बाई, गोमती बाई, चेमन साहू, तुकेश साहू, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### राज्यपाल ने शाकंभरी सेवा संस्थान को किया सम्मानित

**मुड़ागांव (कोरासी)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले की शाकंभरी सेवा संस्थान, छुरा को रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रेष्ठ संस्थान के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्यपाल महामहिम रमेन डेका द्वारा लोक भवन, रायपुर में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न संस्थानों के साथ-साथ अनेक बार रक्तदान कर समाज सेवा में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया। शाकंभरी सेवा संस्थान लंबे समय से रक्तदान एवं रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाने के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्था द्वारा समय पर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराकर हजारों लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने संस्था की पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाएं सीमित संसाधनों के बावजूद निस्वार्थ भाव से कार्य कर लोगों तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से किसी का जीवन बचाना अत्यंत पुण्य और मानवता की सेवा का श्रेष्ठ कार्य है। समारोह में शाकंभरी सेवा संस्थान के संस्थापक एवं प्रतिनिधि मनोज पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।